इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 27] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 8 जुलाई 2011—आषाढ़ 17, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 जून 2011

क्र. ई-5-819-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री केदार शर्मा, आयएएस., कलेक्टर, जिला खरगोन को दिनांक 20 से 25 जून 2011 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 18, 19 एवं 26 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री केदार शर्मा की अवकाश की अवधि में श्री अशोक कुमार शर्मा, अपर कलेक्टर (राजस्व), जिला खरगोन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला खरगोन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री केदार शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला खरगोन के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री केदार शर्मा द्वारा कलेक्टर, जिला खरगोन का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री अशोक कुमार शर्मा, कलेक्टर, जिला खरगोन के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री केदार शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री केदार शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2011

क्र. ई-5-454-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. पी. सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग को दिनांक 20 से 25 जून 2011 तक, छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 26 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री बी. पी. सिंह की अवकाश अवधि में श्री आई. एस. दाणी, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, उच्च शिक्षा विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. पी. सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थनापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. पी. सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आई. एस. दाणी, उच्च शिक्षा विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. पी. सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. पी. सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-1-193-2011-5-एक.—श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल, भाप्रसे (2003), संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश तथा पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग (केवल निर्वाचन से संबंधित कार्य के लिए) की सेवाएं विधि एवं विधायी कार्य विभाग से वापस लेकर उन्हें अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, श्योपुर पदस्थ किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 21 जून 2011

क्र. ई-1-202-2011-5-एक.—(1) श्री पंकज राग, भाप्रसे (1990) आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व संग्रहालय, मध्यप्रदेश को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, आगामी आदेश तक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम का प्रभार अतिरिक्त रूप से, सौंपा जाता है.

(2) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 17 जून 2011 की तालिका के अनुक्रमांक 2 जिसके द्वारा श्रीमती दीपाली रस्तोगी, भाप्रसे (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम तथा आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा का अतिरिक्त प्रभार को प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम तथा आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा का अतिरिक्त प्रभार से सौंपा गया है. एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

भोपाल, दिनांक 22 जून 2011

क्र. ई-5-299-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री सत्य प्रकाश, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग को दिनांक 20 से 30 जून 2011 तक, ग्यारह दिन का एक्स-इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 18, 19 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री सत्य प्रकाश को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्य, उद्योग एवं रोजगार विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री सत्य प्रकाश को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सत्य प्रकाश अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-485-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री के. पी. सिंह, आयएएस., वि.क.अ.-सह-पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक, मध्यप्रदेश को दिनांक 20 जून से 2 जुलाई 2011 तक, तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री के. पी. सिंह की अवकाश की अवधि में श्री मनीष रस्तोगी, आयएएस., आयुक्त, कोष एवं लेखा तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, वि.क.अ-सह-पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक, मध्यप्रदेश का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. पी. सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न वि.क.अ-सह-पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. पी. सिंह द्वारा वि.क.अ-सह-पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक, मध्यप्रदेश का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री मनीष रस्तोगी, वि.क.अ-सह-पंजीयन महानिरीक्षक एवं अधीक्षक, मुद्रांक, मध्यप्रदेश के कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. पी. सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. पी. सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 23 जून 2011

क्र. ई-5-687-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री नीतेश कुमार व्यास, आयएएस., अध्यक्ष-सह-प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड, भोपाल को दिनांक 29 अक्टूबर से 5 नवम्बर 2011 तक, आठ दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री नीतेश कुमार व्यास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष-सह-प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत् वितरण कम्पनी लिमिटेड, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री नीतेश कुमार व्यास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री नीतेश कुमार व्यास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 24 जून 2011

क्र. ई-5-547-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री शैलेन्द्र सिंह, आयएएस., आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश, इन्दौर को दिनांक 9 से 16 जून 2011 तक आठ, दिन का कार्योत्तर अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री शैलेन्द्र सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, वाणिज्यिक कर, मध्यप्रदेश, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री शैलेन्द्र सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शैलेन्द्र सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 24 जून 2011

क्र. ई-5-814-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती उर्मिल मिश्रा, आयएएस., अपर आयुक्त, भोपाल/ नर्मदापुरम संभाग को दिनांक 6 से 10 जून 2011 तक, पांच दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, भोपाल/ नर्मदापुरम, संभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती उर्मिल मिश्रा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव कार्मिक.

भोपाल, दिनांक 17 जून 2011

क्र. ई-1-202-2011-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गए पद पर, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से, पदस्थ किया जाता है:—

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना	खाना (3) में अंकित पद असंवर्गीय होने की दशा में संवर्गीय पद जिसके समकक्ष घोषित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री हरिरंजन राव (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग एवं सचिव, मुख्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार.	आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रदेश तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, पर्यटन विभाग एवं सचिव, मुख्यमंत्री का अतिरिक्त प्रभार.	सचिव, मध्यप्रदेश शासन

(1)	(2)	(3)	(4)
2	श्रीमती दीपाली रस्तोगी (1994), प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम तथा आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा का अतिरिक्त प्रभार.	प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश, हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम एवं आयुक्त-सह-संचालक, हाथकरघा का अतिरिक्त प्रभार.	संभागीय कमिश्नर

(2) उपरोक्तानुसार श्री हरिरंजन राव द्वारा आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रदेश का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री दीपक खाण्डेकर, भाप्रसे (1985), प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा पर्यटन विभाग एवं पदेन आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रेदश केवल पदेन आयुक्त, पर्यटन मध्यप्रदेश के प्रभार से मुक्त होंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 जून 2011

क्र. एफ-ए-5-11-2007-एक (1).—राज्य शासन द्वारा न्यायाधिपति महोदय श्री विनय मित्तल, साहब, उच्च न्यायालय, इन्दौर, खण्डपीठ इन्दौर को निम्नानुसार पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश स्वीकृत किया जाता है:—

अ. क्र. (1)	अवकाश अवधि (2)	कुल दिन (3)	अवकाश का प्रकार (4)	अभियुक्ति (5)
1.	दिनांक 18-1-2010 से 22-1-2010 तक	5 दिन	10 दिन अर्द्धवेतन अवकाश को 5 दिन का पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित मानते हुए.	-
2.	दिनांक 3-3-2010 से 4-3-2010 तक	2 दिन	4 दिन अर्द्धवेतन अवकाश को 2 दिन का पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित मानते हुए.	-

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 जून 2011

क्र. एफ-10-63-2001-17-मेडि-2.—इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 11 सितम्बर 2006 से गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 की धारा 17, 2, 3 अ के अन्तर्गत निम्नानुसार सदस्यों को सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए सक्षम प्राधिकारी नियुक्त किया गया था.

(2) राज्य शासन द्वारा उक्त अधिसूचना को अधिक्रमित करते हुए व समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 4 सितम्बर 2009 को यथावत् रखते हुए निम्नानुसार तीन सदस्यों की पुर्नरीक्षित टीम को सक्षम प्राधिकारी नियुक्त करता है:—

1.	संयुक्त संचालक, परिवार कल्याण, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, भोपाल	अध्यक्ष
2.	श्रीमती सरला माथुर, अध्यक्ष, ऑल इंडिया वूमेन्स कान्फ्रेंस, भोपाल.	सदस्य
3.	अतिरिक्त सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, मध्यप्रदेश.	सदस्य

(3) सम्पूर्ण प्रदेश के सक्षम प्राधिकारी की उपरोक्त टीम गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिशेष) अधिनियम, 1994 में वर्णित प्रावधानानुसार कार्य संपादित करेगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राजेश जैन, उपसचिव.

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 जून 2011

क्र. 1274-1152-2011-यो.आ.सां.—डॉ. एस. पी. शर्मा, आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय को दिनांक 1 से 4 जून 2011 तक, चार दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ 5 जून 2011 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर डॉ. एस. पी. शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त, आर्थिक सांख्यिकी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में डॉ. एस. पी. शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि डॉ. एस. पी. शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रजनी गौरे, अवर सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 जून 2011

क्र. एफ-1(ए)-330-85-ब-2-दो.—श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सलाहकार, राज्य योजना आयोग, मध्यप्रदेश को दिनांक 12 से 28 मई 2011 तक, सत्रह दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 29 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए, राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा की सुविधा की पात्रता के तहत उन्हें ''कटक'' (उड़ीसा) अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सलाहकार, राज्य योजना आयोग, मध्यप्रदेश के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री डी. एम. मित्रा, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 23 जून 2011

क्र. एफ-1(ए)-115-2005-ब-2-दो.—पुलिस मुख्यालय के आदेश क्रमांक 45/11, दिनांक 15 जून 2011 द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे, सेनानी, 2री वाहिनी, विसबल, ग्वालियर, मध्यप्रदेश को दिनांक 20 जून से 8 जुलाई 2011 तक, कुल उन्नीस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 18, 19 जून एवं 9, 10 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया है.

(2) राज्य शासन द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, भापुसे को उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर अवकाश यात्रा सुविधा के अन्तर्गत परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ ''बागपत'' (उ.प्र.) जाने की अनुमति दी जाती है:—

1.	डॉ. राजेन्द्र प्रसाद	—	स्वयं
2.	श्रीमती शशि शर्मा	—	पत्नी
3.	अंशुल	—	पुत्र
4.	कु. आकांक्षा	—	पुत्री

भोपाल, दिनांक 24 जून 2011

क्र. एफ-1(ए)-268-86-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 3 जून 2011 द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक (प्रशि.) पु. मु., भोपाल को दिनांक 13 से 22 जून 2011 तक, दस दिवस अर्जित अवकाश दिनांक 11 एवं 12 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुए उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में भारत भ्रमण की सुविधा की पात्रता के तहत सपरिवार ''नुब्राह वेली'' (लेह लद्दाख) सपरिवार अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति दी गई है.

(2) श्री राजेन्द्र कुमार, भापुसे द्वारा उक्त अवकाश यात्रा सुविधा का उपभोग न किये जाने के कारण स्वीकृत अर्जित अवकाश एवं अवकाश यात्रा की अनुमति एतद्द्वारा निरस्त की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक दास, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 25 जून 2011

फा. क्र. 1-1-88-इक्कीस-ब (एक).—भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का सं. 49) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना फा. क्रमांक 1-1-88-इक्कीस-ब (एक) दिनांक 24 अक्टूबर 2009 में, जो "मध्यप्रदेश राजपत्र" भाग 1 में दिनांक 6 नवम्बर 2009 में प्रकाशित हुई थी, निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात्:—

संशोधन

उक्त अधिसूचना में, अनुसूची में, अनुक्रमांक 48 तथा उससे संबंधित प्रविष्टियों के स्थान पर, निम्नलिखित अनुक्रमांक तथा उससे संबंधित प्रविष्टियां स्थापित की जाएं, अर्थात्:—

अनुसूची

अनुक्रमांक	सेशन न्यायाधीश/ अतिरिक्त न्यायाधीश	स्थानीय क्षेत्र
(1)	(2)	(3)
"48	प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश, विदिशा.	विदिशा.".

F.No. 1-1-88-XXI-B (1).—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Prevention of Corruption Act, 1988 (No. 49 of 1988), the State Government hereby, makes the following amendment in this Department's Notification F. No. 1-1-88-XXI-B(1), dated 24th October 2009 which was published in the Madhya Pradesh Gazette Part-1, dated 6th November 2009 namely:—

AMENDMENT

In the said Notification, in the Schedule for serial number 48 and entries relating thereto, the following serial number and entries relating thereto shall be substituted, namely:—

S. No.	Sessions Judge/ Additional Sessions Judge	Local area
(1)	(2)	(3)
"48	1st Additional Sessions Judge, Vidisha.	Vidisha.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 1 जुलाई 2011

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री अजय सिंह भंवर, उपसंचालक अभियोजन, जिला गुना को गुना जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री हरिनारायण तिवारी, उपसंचालक अभियोजन, जिला विदिशा को विदिशा जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री चन्द्रपाल सिंह परमार, उपसंचालक अभियोजन, जिला छतरपुर को छतरपुर जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री रामस्वरूप रघुवंशी, उपसंचालक अभियोजन, जिला होशंगाबाद को होशंगाबाद जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री गफ्फार बेग, उपसंचालक अभियोजन, जिला मुरैना को मुरैना जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2011.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन श्री सुलक्षण कुमार गौड़, उपसंचालक अभियोजन, जिला उज्जैन को उज्जैन जिले के लिये विशेष लोक अभियोजक की शक्तियां उनकी उक्त पदस्थापना तक की अवधि के लिये प्रदान करता है.

फा. क्र. 1(सी) 11-2010-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 1 अप्रैल 2010 द्वारा नियुक्त श्री गजेन्द्र सिंह दांगी, विशेष लोक अभियोजक, जिला सागर की नियुक्ति, आदेश जारी होने के दिनांक से, एक माह का सूचना-पत्र देकर उक्त नियुक्ति समाप्त की जाती है.

फा. क्र. 1(सी) 24-2005-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन, इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 13 अक्टूबर 2008 द्वारा नियुक्त श्री कुंजीलाल किरार, विशेष लोक अभियोजक, जिला विदिशा की नियुक्ति, आदेश जारी होने के दिनांक से, एक माह का सूचना-पत्र देकर उक्त नियुक्ति समाप्त की जाती है.

फा. क्र. 1(सी) 12-2011-इक्कीस-ब(दो).—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 24 की उपधारा (8) को प्रयोग में लाते हुए, राज्य शासन, राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, मध्यप्रदेश द्वारा अभियोजित प्रकरणों में राज्य शासन की ओर से पैरवी करने के लिए श्री रमेश चन्द्र यादव, जिला अभियोजन अधिकारी, भोपाल को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

वे उनकी पदस्थापना की अवधि तक विशेष लोक अभियोजक रहेंगे.

श्री रमेश चन्द्र यादव, जिला अभियोजन अधिकारी, भोपाल के प्रकरण का आवंटन राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा किया जावेगा.

भोपाल, दिनांक 2 जुलाई 2011

फा. क्र. 1(बी)-3-4-इक्कीस-ब(दो).—राज्य शासन इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 16 जुलाई 2004 के द्वारा श्री हेमन्त कुमार शर्मा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अति. लोक अभियोजक, देवास को नियुक्त किया गया था.

श्री हेमन्त कुमार शर्मा, अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक/ अतिरिक्त लोक अभियोजक, देवास के व्यक्तिगत कारणों से कार्य न किये जा सकने से पद से मुक्ति चाहे जाने पर विधि विभाग, नियमावली के नियम 19 के अन्तर्गत आदेश जारी होने के दिनांक से तत्काल पदमुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. जे. खान, सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

Bhopal, the 30th June 2011

No. F-5-2-2011-A-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of Section 8 of the Madhya Pradesh Industrial Relations Act, 1960 (No. 27 of 1960), and Section 7(1) of the Industrial Disputes Act, 1947 (No. 14 of 1947), the State Government, hereby appoints Ku. Shalini Sharma, as Presiding Officers of the Labour Courts at the places where they have been posted by the High Court of Madhya Pradesh and by order No. 17(E) 67-2008-XXI-B (I), Bhopal, Dated 23 May 2011 of Principal Secretary, Government of Madhya Pradesh Law & Legislative Department.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
G. P. KABIRPANTHI, Addl. Secy.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 30 जून 2011

क्र. एफ-3-33-2009-तेरह.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के आर्टिकल्स आफ एसोसिएशन के आर्टिकल 58 (सी) के प्रावधानों के अन्तर्गत श्री अर्जुन एम. सजनानी का चयन किये जाने के फलस्वरूप उन्हें आर्टिकल 58(एफ-i) के प्रावधानों के अन्तर्गत मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग

कंपनी लिमि., जबलपुर के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक के पद पर इस आदेश के जारी करने की तिथि से दिनांक 31 मार्च 2012 तक नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. के. गुप्ता, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ-2-20-1997-तेरह.—राज्य शासन, एतद्द्वारा पूर्व में जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 15 अप्रैल 2011 में आंशिक संशोधन करते हुए निर्णय लेता है कि अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विद्युत् मण्डल का प्रभार आगामी आदेश तक सचिव, मध्यप्रदेश शासन, ऊर्जा विभाग के पास बना रहेगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. दुबे, अवर सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कलेक्टर, जिला होशंगाबाद, मध्यप्रदेश

होशंगाबाद, दिनांक 10 जून 2011

क्र. 27-2011.—बंधक श्रमिक प्रथा (समाप्ति) अधिनियम, 1976 (क्रमांक 19 सन् 1976) की धारा 13 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मैं, निशांत वरवडे, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला होशंगाबाद एतद्द्वारा, जिला होशंगाबाद तथा अनुविभाग सिवनी मालवा, इटारसी, होशंगाबाद, सोहागपुर एवं पिपरिया उपखण्डों के लिए निम्नलिखित समितियों का पुर्नगठन करता हूं.

जिला स्तरीय सर्तकता समिति

धारा 13 की उपधारा (2) (ए) के अधीनः

अध्यक्ष—अपर कलेक्टर, होशंगाबाद

सदस्य—धारा 13 की उपधारा (2) (बी) के अधीन—

1. श्री लक्ष्मीनारायण देवहरे, इटारसी जिला होशंगाबाद
2. श्री रमेश काकोडिया मण्डी अध्यक्ष, सिवनी मालवा, जिला होशंगाबाद.
3. श्रीमती ज्योति उईके, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सोहागपुर, जिला होशंगाबाद.

धारा 13 की उपधारा (2) (सी) के अधीनः

1. श्री अखिलेश खण्डेलवाल, होशंगाबाद
2. श्री शरद दुबे, शोभापुर (ब्लाक) विकासखण्ड सोहागपुर, जिला होशंगाबाद.

धारा 13 की उपधारा (2) (डी) के अधीनः

1. पुलिस अधीक्षक, होशंगाबाद
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, होशंगाबाद
3. सहायक आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, होशंगाबाद.

धारा 13 की उपधारा (2) (ई) के अधीनः

1. लीड बैंक मैनेजर, होशंगाबाद

उपसंभाग/ उपखण्ड स्तरीय सर्तकता समिति होशंगाबाद जिले का सिवनी मालवा उपखण्ड

धारा 13 की उपधारा (3) (ए) के अधीनः

अध्यक्ष—अनुविभागीय अधिकारी, सिवनी मालवा

धारा 13 की उपधारा (3) (बी) के अधीनः

सदस्य—

1. श्रीमती राधाबाई नागले पत्नि श्री रामबक्स नागले, ग्राम गुंरजघाट.
2. श्री जागेश्वर प्रसाद मेहरा
3. श्री रमेश पिता पन्नालाल, ग्राम कोठरा

धारा 13 की उपधारा (3) (सी) के अधीनः

1. श्री श्याम मोहन शुक्ला, सिवनी मालवा
2. श्री श्यामलाल पटैल, सिवनी मालवा

धारा 13 की उपधारा (3) (डी) के अधीनः

1. परियोजना अधिकारी, सी.डी.पी.ओ., सिवनी मालवा
2. राजस्व निरीक्षक, सिवनी मालवा
3. राजस्व निरीक्षक, सतवासा

धारा 13 की उपधारा (3) (ई) के अधीनः

1. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, सिवनी मालवा

धारा 13 की उपधारा (3) (एफ) के अधीनः

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, सिवनी मालवा

होशंगाबाद जिले का—इटारसी उपखण्ड

धारा 13 की उपधारा (3) (ए) के अधीनः

अध्यक्ष—अनुविभागीय अधिकारी, इटारसी

धारा 13 की उपधारा (3) (बी) के अधीनः

सदस्य—

1. मेडम कलेरा जीवोदय संस्था नेहरूगंज, इटारसी
2. श्री कैलाश रैकवार, नई गरीबी लाईन, इटारसी
3. श्री हिमाशु दुबे, 11वीं लाईन, इटारसी

धारा 13 की उपधारा (3) (सी) के अधीनः

1. श्री अनिल अग्रवाल पिता श्री रामनारायण अग्रवाल, 9वीं लाईन, इटारसी.
2. श्री राजेन्द्र सिंह पिता शैतान सिंह तोमर, वार्ड नं. 2, पुरानी इटारसी.

धारा 13 की उपधारा (3) (डी) के अधीनः

1. परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, वि.ख. केसला.
2. निरीक्षक बोरी अभ्यारण, इटारसी
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत केसला

धारा 13 की उपधारा (3) (ई) के अधीनः

1. शाखा प्रबंधक, भूमि विकास बैंक, इटारसी

धारा 13 की उपधारा (3) (एफ) के अधीनः

1. तहसीलदार इटारसी

होशंगाबाद जिले का—होशंगाबाद उपखण्ड

धारा 13 की उपधारा (3) (ए) के अधीनः

अध्यक्ष—अनुविभागीय अधिकारी, होशंगाबाद

धारा 13 की उपधारा (3) (बी) के अधीनः

सदस्य—

1. श्री नर्मदाप्रसाद पासी, निवासी बान्द्राभान, तहसील होशंगाबाद.
2. श्री बारेलाल निवासी ग्राम निटाया
3. श्री द्वारका प्रसाद एडव्होकेट, होशंगाबाद

धारा 13 की उपधारा (3) (सी) के अधीनः

1. श्री चन्द्रमोहन सिंह निवासी जासलपुर
2. श्री अमृतबिंदु डेरिया बाबई

धारा 13 की उपधारा (3) (डी) के अधीनः

1. अनुविभागीय अधिकारी, सिंचाई तवा परियोजना, होशंगाबाद.
2. विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, डोलरिया, तहसील डोलरिया.
3. उपयंत्री, सिंचाई विभाग, बाबई

धारा 13 की उपधारा (3) (ई) के अधीनः

1. प्रबंधक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, निमसाडिया

धारा 13 की उपधारा (3) (एफ) के अधीनः

1. तहसीलदार होशंगाबाद

होशंगाबाद जिले का—सोहागपुर उपखण्ड

धारा 13 की उपधारा (3) (ए) के अधीनः

अध्यक्ष—अनुविभागीय अधिकारी, सोहागपुर

धारा 13 की उपधारा (3) (बी) के अधीनः

सदस्य—

1. श्री कीर्तिबहादुर शाह, शोभापुर
2. श्री गोकुलप्रसाद शाह, काती
3. श्री बाबूलाल निवासी भौखेडी

धारा 13 की उपधारा (3) (सी) के अधीनः

1. श्री मेहरबान सिंह पटैल निवासी भौखेडीकला
2. श्री रामस्वरूप पिता मेवालाल सिटिया गोहना

धारा 13 की उपधारा (3) (डी) के अधीनः

1. थाना प्रभारी, सोहागपुर
2. पंचायत एवं समाज सेवा संगठन, सोहागपुर
3. वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, सोहागपुर

धारा 13 की उपधारा (3) (ई) के अधीनः

1. प्रबंधक भूमि विकास बैंक, सोहागपुर

धारा 13 की उपधारा (3) (एफ) के अधीन:

1. तहसीलदार सोहागपुर

होशंगाबाद जिले का—पिपरिया उपखण्ड

धारा 13 की उपधारा (3) (ए) के अधीन:

अध्यक्ष—अनुविभागीय अधिकारी, पिपरिया

धारा 13 की उपधारा (3) (बी) के अधीन:

सदस्य—

1. श्री हरिशंकर जायसवाल, पूर्व विधायक पिपरिया
2. श्री मुकेश सराठे जनपद सदस्य बनखेडी
3. श्रीमती आरती पलिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिपरिया

धारा 13 की उपधारा (3) (सी) के अधीन:

1. श्री हिम्मतसिंह मुखत्यार, अध्यक्ष कृषि उपज मण्डी पिपरिया.
2. श्रीमती सरिता बैस, अध्यक्ष नगरपालिका पिपरिया

धारा 13 की उपधारा (3) (डी) के अधीन:

1. परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास पिपरिया
2. राजस्व निरीक्षक मण्डल चॉदौन
3. राजस्व निरीक्षक मण्डल सांडिया

धारा 13 की उपधारा (3) (ई) के अधीन:

1. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक पिपरिया

धारा 13 की उपधारा (3) (एफ) के अधीन:

1. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत पिपरिया

निशांत वरवडे, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला अलीराजपुर, मध्यप्रदेश

अलीराजपुर, दिनांक 16 जून 2011

क्र. 1650-जे.सी.-2011.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1972 का संख्या 2) की धारा 2 के खण्ड (घ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कालम (1) में विनिर्दिष्ट स्थानों पर सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (1955 का सं. 22) अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989) (1989 का सं. 23) एवं अन्य विधियों के अधीन अनुसूचित जातियों और जनजातियों के सदस्यों के विरुद्ध किये गये अपराधों के प्रयोजनों के लिये उक्त अनुसूची के कालम (2) की तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट अधिकारिता रखने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण पुलिस थानों के रूप में घोषित करती है:—

अनुसूची

अजा/जजा कल्याण पुलिस थाना का स्थान	अधिकारिता
(1)	(2)
अजाक थाना, अलीराजपुर	सम्पूर्ण जिला अलीराजपुर

No. 1650.—In exercise of the powers conferred by clause (G) of Section 2 of the code of Criminal Proceure (2 of 1974) the State Government hereby, declares the Anusuchit Jati Evam Janjati Kalyan Police Station at the place specified in column (1) of the Schedule below having jurisdication specified in the corresponding entries in column (2) of the said Schedule for the purposes of the offences under the Protection of Civil Right Act, 1955 (22 of 1955) the Scheduled Caste and the Scheduled Tibes (prevention of atrocities) Act, 1989 (No. 23 of 1989) and other laws committed against the members of Scheduled Castes and the Scheduled Tribes:—

SCHEDULED

Places of Police Station A.J./A.J.J.K	Jurisdicition
(1)	(2)
A.J.K. P.S. Alirajpur	Whole of District Alirajpur

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक देशवाल, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग

"निर्वाचन भवन"

58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश

आदेश

भोपाल, दिनांक 25 जून 2011

क्र. एफ. 67-267-10-तीन-993.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के

परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** के आम निर्वाचन में **श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के पत्र क्र. 313/स्था.निर्वा./10, दिनांक 19 अगस्त 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी,** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 15 सितम्बर 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के माध्यम से दिनांक 4 नवम्बर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी को नोटिस दिनांक 4 नवम्बर 2010 को तामील हो गया. अतः उनको दिनांक 19 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक निरंक को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 16 दिसम्बर 2010 को प्राप्त हुआ, जिसमें अभ्यर्थी ने लेख किया कि—"प्रार्थी चुनाव घोषणा बाद खर्चों का ब्यौरा जिला कार्यालय में जमा करने आया था किन्तु जांच में बताया गया कि एस.डी.ओ. चुरहट के हस्ताक्षर कराकर लाओ. मेरे द्वारा कई बार एस.डी.ओ. चुरहट से हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया गया किन्तु एस.डी.ओ. साहब के दौरे में रहने या अन्य कार्यवस मुलाकात नहीं हो सकी. अंततः दिनांक 20 जनवरी 2010 को हस्ताक्षर पूर्ण कराया गया. दिनांक 20 जनवरी, 2010 की लेखा पूर्ण कराकर जब जिला कार्यालय में जमा कराना चाहा तो संबंधित लिपिक द्वारा यह कहकर मेरा लेखा वापस कर दिया गया कि हम भोपाल लेखा भेज चुके हैं आप चुनाव में हार भी चुके हैं. अतः अब लेखा जमा नहीं होगा." आयोग ने उक्त अभ्यावेदन के संबंध में कलेक्टर सीधी से अभिमत चाहा जिसके पालन में कलेक्टर सीधी ने अपने फेक्स पत्र दिनांक 3 फरवरी 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी **श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी** द्वारा निर्वाचन के घोषणा पश्चात निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किये जाने हेतु कार्यालय में कभी भी उपस्थित नहीं हुये हैं जिससे अभ्यावेदन में उनके लेख अनुसार कार्यालय लिपिक द्वारा व्यय लेखा वापस किये जाने का प्रश्न ही नहीं उपस्थित होता. अभ्यर्थी का निर्वाचन व्यय लेखा विहित रीति एवं समय पर प्रस्तुत न होने के कारण अभ्यर्थी द्वारा अपने अभ्यावेदन में मनगढंत कहानी कही गई है जो स्वीकारिता योग्य एवं विश्वसनीय नहीं है. कलेक्टर सीधी से उक्त जानकारी प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 25 मार्च, 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर सीधी द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए न ही उनके द्वारा कोई अभ्यावेदन दिनांक 31 मई, 2011 तक प्रस्तुत किया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री जागेन्द्र प्रसाद सोनी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 25 जून 2011

क्र. एफ. 67-267-10-तीन-994.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** के आम निर्वाचन में **श्री अजय सिंह,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के पत्र क्र. 313/स्था.निर्वा./10, दिनांक 19 अगस्त 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री अजय सिंह** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री अजय सिंह,** को कारण बताओ सूचना-पत्र दिनांक 15 सितम्बर 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सीधी** के माध्यम से दिनांक 4 नवम्बर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

श्री अजय सिंह को नोटिस दिनांक 4 नवम्बर 2010 को तामील हो गया. अतः उनको दिनांक 19 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. किन्तु अभ्यर्थी द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया गया. कलेक्टर सीधी ने अपने फेक्स पत्र दिनांक 3 फरवरी 2011 में लेख किया कि अभ्यर्थी **श्री अजय सिंह** के द्वारा नोटिस तामीली उपरांत आज दिनांक तक इस कार्यालय में कोई अभ्यावेदन एवं व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया है. कलेक्टर सीधी से उक्त जानकारी प्राप्त होने पर विचारोपरांत आयोग द्वारा दिनांक 24 फरवरी 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 25 मार्च, 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर सीधी द्वारा दिनांक 25 मार्च, 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए न ही उनके द्वारा कोई अभ्यावेदन दिनांक 31 मई, 2011 तक प्रस्तुत किया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री अजय सिंह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत रामपुर नैकिन, जिला सीधी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 27 जून 2011

क्र. एफ. 67-82-10-तीन-1008.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32 क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन

में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद बड़नगर, जिला उज्जैन** के आम निर्वाचन में **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस **नगरपालिका** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पत्र क्र./स्था.निर्वा./2010/385, दिनांक 21 जनवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का अपूर्ण लेखा दाखिल किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का अपूर्ण लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव,** को आयोग के पत्र क्रमांक एफ 67-82/2010/तीन/824, दिनांक 2 फरवरी 2010 द्वारा कलेक्टर, उज्जैन को व्यय लेखा जिला स्तर पर पूर्ण कराने हेतु पत्र जारी किया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला उज्जैन से प्राप्त प्रतिवेदन पत्र क्रमांक स्थान.निर्वा./2010/953, दिनांक 19 अप्रैल, 2010 में प्रतिवेदित किया गया कि अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** को उनके अपूर्ण लेखों को पूर्ण करने हेतु कार्यालयीन पत्र क्रमांक 644, दिनांक 17 फरवरी 2010 जारी किया गया था. इस पत्र की तामीली भी भार्गव को दिनांक 19 फरवरी, 2010 को कराई गई थी. **श्री भार्गव** द्वारा प्रतिवेदन दिनांक 19 अप्रैल, 2010 तक जिला कार्यालय में उपस्थित होकर निर्वाचन व्यय लेखों की पूर्णता नहीं की गई है, का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** को आयोग के पत्र क्रमांक एफ-67-82-2010-तीन-1824, दिनांक 12 मई 2010 के द्वारा अपूर्ण व्यय लेखा पूर्ण कराने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी कर, **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला उज्जैन के माध्यम से नोटिस दिनांक 4 जून 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 19 जून 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला उज्जैन से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक/स्था.निर्वा./2010/1513, दिनांक 25 जून, 2010 में लेख किया है कि प्रतिवेदन दिनांक 25 जून 2010 तक अभ्यर्थी **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर व्यय लेखों की कमियों/त्रुटियों का सुधार नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त अभ्यर्थी को 02 बार व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 21 सितम्बर 2010 एवं 5 मार्च 2011 को आहुत किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी नोटिस दिनांक 31 अगस्त 2010 एवं 25 जनवरी 2011 की तामीलशुदा प्रति पर अभ्यर्थी **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** ने तामीलशुदा प्रति में—**''मेरे द्वारा पूर्व में व्यय लेखा प्रस्तुत कर दिया गया है, समस्त कागजात मेरे द्वारा जैन सा. को एस.डी.ओ. कोर्ट में दिये हैं, कृपया तलाश करें.''** जिसके संबंध में कलेक्टर से वस्तुस्थिति की जानकारी दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को चाही गई जिसके परिप्रेक्ष्य में उप जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 29 नवम्बर 2010 में प्रतिवेदित किया गया है कि श्री भार्गव द्वारा कोई लेखा बड़नगर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है. विचारोपरान्त अभ्यर्थी को पुनः दिनांक 20 अप्रैल 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आहुत किया गया. लेकिन अभ्यर्थी आयोग में उपस्थित नहीं हुए. उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला उज्जैन से प्राप्त पत्र दिनांक 29 अप्रैल 2011 में अभ्यर्थी को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 9 मार्च 2011 की तामीली अभ्यर्थी के पुत्र संजय पर दिनांक 15 अप्रैल 2011 को तामील कराई गई. विहित समयावधि में नोटिस की तामीली होने के उपरांत भी अभ्यर्थी **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** आयोग में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय का पूर्ण लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री ज्ञान प्रकाश भार्गव** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद बड़नगर, जिला उज्जैन** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 27 जून 2011

क्र. एफ. 67-221-10-तीन-1013.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत बरही, जिला कटनी** के आम निर्वाचन में **मो. रफीक ''बारसी बाबा''** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत बरही, जिला कटनी** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक, किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक, इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **कटनी** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **कटनी** के पत्र क्र.260 ए/व्यय लेखा प्रभारी (स्था.निर्वा.अधि.) दिनांक 22 जनवरी, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **मो. रफीक ''बारसी बाबा''** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **मो. रफीक ''बारसी बाबा''** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 फरवरी 2010 जारी कर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कटनी के माध्यम से दिनांक 30 अप्रैल 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

मो. रफीक ''बारसी बाबा'' को नोटिस दिनांक 30 अप्रैल 2010 को तामील कराया गया. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 25 फरवरी, 2010 को एक अभ्यावेदन जो कि आयोग कार्यालय में दिनांक 7 अप्रैल 2010 को प्राप्त हुआ प्रेषित किया. अभ्यावेदन में उन्होंने लेख किया कि ''. . . . मुख्य नगरपालिका अधिकारी, बरही द्वारा मांग की गई थी कि अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अपना लेखा 30 दिन के अन्दर जमा कर दें, तो मैंने सम्पूर्ण रिकार्ड जमा, मध्यप्रदेश नगर पंचायत अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के तहत अध्यक्ष का निर्वाचन से संबंधित लेखा व्यय जमा कर दिया था . . . '' आयोग द्वारा उक्त अभ्यावेदन कलेक्टर, कटनी को अभिमत हेतु भेजा गया, जिसके तारतम्य में कलेक्टर, कटनी ने अपने पत्र दिनांक 17 मई, 2010 में लेख किया कि ''तहसीलदार बरही से प्रतिवेदन लिया गया. प्रतिवेदन अनुसार अभ्यर्थी **मो. रफीक ''बारसी बाबा''** द्वारा प्रस्तुत निर्वाचन व्यय लेखा समय-सीमा के पश्चात् दिनाकं 7 अप्रैल 2010 आयोग को अभ्यर्थी द्वारा भेजा गया है. जबकि आवेदक को 30 दिवस के अन्दर व्यय लेखा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश थे. तहसीलदार बरही के प्रतिवेदन अनुसार अभ्यर्थी **श्री मो. रफीक ''बारसी बाबा''** द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन स्वीकार एवं विश्वसनीय योग्य नहीं है.'' उक्त प्रतिवेदन प्राप्त होने पर आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 22 जून, 2010 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 7 जुलाई 2010 को उपस्थित होने हेतु पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर कटनी द्वारा दिनांक 06 जुलाई, 2010 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुए.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि

में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **मो. रफीक "बारसी बाबा"** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत बरही, जिला कटनी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 28 जून 2011

क्र. एफ. 67-11-08-तीन-1029.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जून 2008 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद् मलाजखंड, जिला बालाघाट** के निर्वाचन में **सुश्री वंदना तिलगाम** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **इस नगरपालिका परिषद** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 13 जून 2008 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन (अर्थात् 14 जुलाई 2008 तक) के अन्दर इनके द्वारा अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिका), जिला **बालाघाट** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, (नगरपालिका) **बालाघाट** के पत्र क्रमांक 371/स्था.निर्वा./08, दिनांक 3 सितम्बर, 2008 के द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार **सुश्री वंदना तिलगाम** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिका) **जिला बालाघाट** से प्राप्त होने पर अभ्यर्थी **सुश्री वंदना तिलगाम** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 21 नवम्बर 2008 जारी किया जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, (नगरपालिका) **जिला बालाघाट** के माध्यम से तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी को नोटिस दिनांक 22 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया था. अतः अभ्यर्थी को दिनांक 6 जनवरी 2009 तक अभ्यावेदन/उत्तर प्रस्तुत करना था. अभ्यार्थी द्वारा नोटिस तामीली उपरांत दिनांक 31 दिसम्बर 2008 को एक अभ्यावेदन आयोग में प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने लेख किया कि " मैं अभ्यर्थी **वंदना तिलगाम** शुरू में नगरपालिका व्यय लेखा जमा करने गयी तब कहा गया कि बाद में जमा कर दीजियेगा. इस बीच घर में हादसा हो जाने की वजह से हम लेट हो गये. बालाघाट जब जमा करने गये तब वहां कहा गया कि आप लेट हो गये हैं. इसलिये अब जमा नहीं हो पायेगा. वहां हम निर्वाचन अधिकारी से मिलने की कोशिश किये जब कहा गया कि इससे भी कोई निष्कर्ष नहीं निकलेगा. वापस नपा. कार्यालय मलाजखंड में आकर हम इस विषय में बातचीत की तब कहा गया कि जमा हो जायेगा. मगर यह कहकर टाल दिया गया. हमें नगरपालिका से न ही उचित मार्गदर्शन मिला नहीं किसी से मदद मिली. हमें इस विषय की उचित जानकारी नहीं थी कि किस तरह यह व्यय लेख प्रोफार्म जमा करना है. यह प्रोफार्म अभी भी हमारे पास रखा है. हमारी इस दलील को ध्यान में रखते हुए अब आपके द्वारा जो भी निर्णय लिया जायेगा हमें मंजूर होगा." उक्त अभ्यावेदन के संबंध में कलेक्टर बालाघाट से अभिमत चाहे जाने पर कलेक्टर बालाघाट ने अपने पत्र दिनांक 19 अप्रैल 2011 के संलग्न अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर (नपा.) मलाजखंड का प्रतिवेदन दिनांक 7 अप्रैल 2011 संलग्न प्रेषित किया, जिसमें

उन्होंने अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत न कर विलंब से प्रस्तुत लेखे को परीक्षण किये जाने के फलस्वरूप लेखा स्वीकार्य योग्य नहीं पाया. उक्त अभिमत प्राप्त होने पर आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 13 जून, 2011 को अभ्यर्थी **सुश्री वंदना तिलगाम** को आयोग कार्यालय में निर्वाचन व्यय लेखा से संबंधित समस्त दस्तावेजों सहित व्यक्तिगत सुनवाई हेतु बुलाया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली 4 जून 2011 को हो गई थी, किन्तु वे उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री वंदना तिलगाम** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद मलाजखंड, जिला बालाघाट** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिए इस आदेश के तारीख से 02 वर्ष (दो वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-92-10-तीन-1033.--मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत हाटपिपल्या, जिला देवास** के आम निर्वाचन में **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर (अर्थात् दिनांक 16 एवं 17 जनवरी 2010 को शासकीय अवकाश होने से दिनांक 18 जनवरी 2010 तक), **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी देवास के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी देवास के पत्र क्रमांक 193/स्था.निर्वा./2010/दिनांक 21 जनवरी 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट**, को कारण बताओ सूचना पत्र क्र. एफ-67-92-2010-तीन-955, दिनांक 6 फरवरी 2010 को जारी कर संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, देवास के माध्यम से दिनांक 1 मार्च 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

अभ्यर्थी **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** को नोटिस दिनांक 1 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 16 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. आयोग द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2011 को **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** को नोटिस तामीली पश्चात् निर्धारित अवधि (15 दिन) में व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत किये जाने के संबंध में कलेक्टर से उनका अभिमत चाहा गया. संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला देवास से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक/48/स्था.निर्वा./2011/ दिनांक 28 फरवरी 2011 के द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** द्वारा नोटिस तामीली उपरांत दिनांक 20 अप्रैल 2010 को निर्वाचन व्यय लेखा भिजवाया गया. किन्तु व्यय लेखे के

प्रोफार्मा-ग एवं शपथ-पत्र किसी प्राधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित नहीं किया गया है. व्यय लेखा विलम्ब से प्रस्तुत करने के संबंध में कोई अभ्यावेदन जिला कार्यालय में प्रतिवेदन दिनांक 28 फरवरी 2011 तक प्रस्तुत नहीं किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 28 अप्रैल 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र दिनांक 23 मार्च 2011 की तामीली दिनांक 26 अप्रैल 2011 को **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** को की गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री इंदरसिंह रालोती एडव्होकेट** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत हाटपिपल्या, जिला देवास** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-5-08-तीन-1035.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2007 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी** के आम निर्वाचन में **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 24 दिसम्बर 2007 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 23 जनवरी 2008 तक, **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **जिला शिवपुरी** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के पत्र क्रमांक स्था.निर्वा.-न.पा.नि.-2007-394, दिनांक 29 फरवरी 2008 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** को कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. एफ-67-5-2008-तीन-284, दिनांक 14 मार्च 2008 को जारी कर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के माध्यम से दिनांक 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** को नोटिस दिनांक 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 11 जनवरी 2009 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी ने नोटिस तामीली उपरांत दिनांक 31 दिसम्बर 2010 को एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया जिसमें विलम्ब का कारण स्वयं की अस्वस्थता बतलाया एवं लेखे प्रस्तुत किए. उक्त लेखे एवं अभ्यावेदन अभिमत हेतु कलेक्टर **शिवपुरी** को दिनांक 6 जनवरी 2011 को प्रेषित किये गये. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी **जिला शिवपुरी** से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक पत्र क्रमांक स्था.निर्वा./न.पा.आ.नि.-2007-798, दिनांक 25 जनवरी 2011 के द्वारा लेख किया है कि अभ्यर्थी **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** द्वारा निर्धारित समय-सीमा में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है एवं व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने का कारण संतोषप्रद नहीं होने से स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 27 अप्रैल 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुईं. अभ्यर्थी द्वारा आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** को विहित समयावधि में दिनांक 23 अप्रैल 2011 कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती मक्खो कुशवाह/नन्हेंसिंह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-5-08-तीन-1036.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2007 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी** के आम निर्वाचन में **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगर पंचायत के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 24 दिसम्बर 2007 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 23 जनवरी 2008 तक, **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के पत्र क्रमांक स्था.निर्वा.-न.पा.नि.-2007-394, दिनांक 29 फरवरी 2008 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** को कारण बताओ सूचना-पत्र क्र. एफ 67-5-2008-तीन-283, दिनांक 14 मार्च 2008 को जारी कर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, **शिवपुरी** के माध्यम से दिनांक 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15-दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा.

अभ्यर्थी **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** को नोटिस दिनांक 27 दिसम्बर 2008 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 11 जनवरी 2009 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला शिवपुरी से प्राप्त प्रतिवेदन क्रमांक पत्र क्रमांक स्था.निर्वा./न.पा.अ.नि.-2007-798, दिनांक 25 जनवरी 2011 के द्वारा लेख किया है अभ्यर्थी **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** द्वारा निर्धारित समय-सीमा में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है एवं व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने का कारण संतोषप्रद नहीं होने से स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 18 मार्च 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/लक्ष्मणसिंह** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुईं. अभ्यर्थी द्वारा सूचना-पत्र दिनांक 23 फरवरी 2011 के संदर्भ में अपना अभ्यावेदन दिनांक 11 मार्च 2011 के संलग्न व्यय लेखा

रजिस्टर आयोग को प्रस्तुत किया. अभ्यर्थी को एक बार फिर व्यक्तिगत सुनवाई हेतु दिनांक 27 अप्रैल 2011 को बुलाया, लेकिन अभ्यर्थी उक्त दिनांक को आयोग मे उपस्थित नहीं हुई हैं एवं आयोग से इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार भी नहीं किया गया जबकि उक्त सूचना-पत्र की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 23 अप्रैल 2011 को इनके पुत्र श्री पुरुषोत्तमसिंह पर तामील की गई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/ लक्ष्मणसिंह** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती हेमाबाई कुशवाह/ लक्ष्मणसिंह** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत नरवर, जिला शिवपुरी** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-275-10-तीन-1038.---मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई 2010 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** के आम निर्वाचन में **श्री प्रभुलाल मालवीय** महापौर पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 28 जुलाई 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर 27 अगस्त 2010 तक, **श्री प्रभुलाल मालवीय** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पत्र क्रमांक-स्था.निर्वा.-न.पा.नि.-10-2062, दिनांक 3 सितम्बर 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री प्रभुलाल मालवीय** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री प्रभुलाल मालवीय,** को कारण बताओ सूचना पत्र क्र. एफ 67-275-2010-तीन-2716, दिनांक 5 अक्टूबर 2010 को जारी कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन के माध्यम से दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री प्रभुलाल मालवीय** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री प्रभूलाल मालवीय** नोटिस दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको दिनांक 3 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी द्वारा अपने अभ्यावेदन दिनांक 3 फरवरी 2011 में निर्वाचन संबंधी समस्त अभिलेख दिनांक 3 अगस्त 2010 को अर्चना मेडम को जमा करने का लेख किया, जिसकी जांच उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन उज्जैन संभाग से कराई जाकर प्रतिवेदित किया है कि **श्री मालवीय** द्वारा दिनांक 3 अगस्त 2010 को निर्वाचन व्यय लेखा का अवलोकन कराया जाकर छाया प्रतियां प्रस्तुत की गई, न कि मूल व्यय लेखा विहित रीति से आवश्यक शपथ-पत्रों के साथ प्रस्तुत किया गया है. चूंकि श्री मालवीय द्वारा आयोग को प्रेषित अभ्यावेदन के संबंध में उसकी सत्यता के समर्थन में किसी भी प्रकार का कोई अभिलेख/चिकित्सा प्रमाण-पत्र उनके कार्यालय मे प्रस्तुत नहीं किया गया है. अत: श्री मालवीय के कथन की पुष्टि नहीं होती है. श्री मालवीय अपना निर्वाचन व्यय लेखा विहित रीति से एवं निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने में विफल रहें हैं.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 2 जून 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **श्री प्रभुलाल मालवीय** को दिनांक 3 मई 2011 को कराई गई. अभ्यर्थी **श्री प्रभुलाल मालवीय** आयोग कार्यालय में उक्त दिवस को उपस्थित हुए. लेकिन व्यय लेखा विहित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं दिया गया ना ही कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री प्रभुलाल मालवीय** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री प्रभुलाल मालवीय** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** का पार्षद या महापौर होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-275-10-तीन-1039.—मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई 2010 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** के आम निर्वाचन में **श्री पवन कुमार मालवीय,** महापौर पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 28 जुलाई 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर दिनांक 27 अगस्त 2010 तक, **श्री पवन कुमार मालवीय** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पत्र क्रमांक-स्था.निर्वा.-न.पा.नि.-10-लेखा-2062, दिनांक 3 सितम्बर 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री पवन कुमार मालवीय** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री पवन कुमार मालवीय,** को कारण बताओ सूचना पत्र क्र. एफ-67-275-2010-तीन-2715, दिनांक 5 अक्टूबर 2010 को जारी कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन के माध्यम से दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री पवन कुमार मालवीय,** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री पवन कुमार मालवीय** को नोटिस दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 3 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 15 एवं 27 नवम्बर 2010 द्वारा अभिमत प्रेषित किया कि उक्त अभ्यर्थी द्वारा नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि बीत जाने के पश्चात् प्रतिवेदन दिनांक तक उनके कार्यालय में न तो निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है और न ही किसी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 2 जून 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **श्री पवन कुमार मालवीय** को दिनांक 3 मई 2011 को कराई गई. अभ्यर्थी **श्री पवन कुमार मालवीय** आयोग कार्यालय में उपस्थित हुए. लेकिन व्यय लेखा विहित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने के संबंध में उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं दिया गया ना ही कोई ठोस प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री पवन कुमार मालवीय** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री पवन कुमार मालवीय** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** का पार्षद या महापौर होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 29 जून 2011

क्र. एफ. 67-275-10-तीन-1040.—मध्यप्रदेश नगरपालिक अधिनियम, 1956 की धारा-14-क के अनुसार महापौर के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार महापौर का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून, 1997 में प्रकाशित हुआ है, उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह जुलाई 2010 में सम्पन्न हुए **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** के आम निर्वाचन में **श्री बालमुकुन्द हिरवे,** महापौर पद के अभ्यर्थी थे. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 28 जुलाई 2010 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर दिनांक 27 अगस्त 2010 तक, **श्री बालमुकुन्द हिरवे** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पास दाखिल करना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **उज्जैन** के पत्र क्रमांक-स्था.निर्वा.-न.पा.नि.-10-लेखा-2062, दिनांक 3 सितम्बर 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री बालमुकुन्द हिरवे** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री बालमुकुन्द हिरवे** को कारण बताओ सूचना पत्र क्र. एफ-67-275-2010-तीन-2717, दिनांक 5 अक्टूबर 2010 को जारी कर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन के माध्यम से दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में **श्री बालमुकुन्द हिरवे** से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर, कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **श्री बालमुकुन्द हिरवे,** को नोटिस दिनांक 19 अक्टूबर 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 3 नवम्बर 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. नोटिस की तामीली उपरांत उप जिला निर्वाचन अधिकारी उज्जैन से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 15 एवं 27 नवम्बर 2010 द्वारा अभिमत प्रेषित किया कि उक्त अभ्यर्थी द्वारा नोटिस प्राप्ति के 15 दिवस की अवधि बीत जाने के पश्चात् प्रतिवेदन दिनांक तक उनके कार्यालय में न तो निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत किया गया है और न ही किसी प्रकार का अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है.

आयोग द्वारा विचारोपरांत दिनांक 2 जून 2011 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **श्री बालमुकुन्द हिरवे** आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए. व्यक्तिगत सुनवाई की सूचना-पत्र की तामीली **श्री बालमुकुन्द हिरवे** को दिनांक 3 मई 2011 को कराई गई. उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **श्री बालमुकुन्द हिरवे** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 14-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री बालमुकुन्द हिरवे,** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिक निगम उज्जैन, जिला उज्जैन** का पार्षद या महापौर होने के लिए इस आदेश के तारीख से 05 (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(सुभाष जैन)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

राज्य शासन के आदेश

गृह (सामान्य) विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 22 जून 2011

क्र. एफ. 3-43-2011-दो-ए(3).—इस विभाग की समसंख्यक विभागीय परीक्षा की सूचना तथा कार्यक्रम दिनांक 9 जून 2011 में आंशिक निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :—

"बुधवार, दिनांक 27 जुलाई 2011 को आयोजित विभागीय परीक्षा के तृतीय प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया-राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना-सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये, जो कि प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक निर्धारित है,

के स्थान पर

अब यह प्रश्नपत्र सोमवार, दिनांक 8 अगस्त, 2011 को प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक मसूरी स्थित राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी सहित प्रदेश के समस्त संभागीय आयुक्तों द्वारा आयोजित की जावेगी.".

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अम्बरीश श्रीवास्तव, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 9 जून 2011

विभागीय परीक्षा की सूचना तथा कार्यक्रम

क्र. एफ. 3-43-2011-दो-ए(3).—प्रदेश के सभी अधिकारी जिनकी विभागीय परीक्षा उनके विभागों द्वारा निर्धारित की गई हो, के लिये विभागीय परीक्षाएं दिनांक 25 जुलाई 2011 से आयुक्त, जबलपुर, रीवा, भोपाल, सागर, ग्वालियर, उज्जैन, इन्दौर, होशंगाबाद एवं शहडोल द्वारा निर्धारित स्थानों में निम्नांकित कार्यक्रमों के अनुसार होंगी:—

प्रश्न पत्र (1)	प्रश्न पत्र का विषय (2)	समय (3)
	सोमवार, दिनांक 25 जुलाई 2011	
1.	पहला प्रश्नपत्र-दांडिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित)पुलिस, सामान्य प्रशासन, राजस्व व भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
2.	पंजीयन विधि तथा प्रक्रिया-पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल अधिनियम तथा नियमों की पुस्तकों सहित).	
3.	विधि तथा प्रक्रिया-उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
4.	विधि तथा प्रक्रिया-वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये (केवल नियमों की पुस्तकों सहित).	
5.	पहला प्रश्नपत्र-सहकारिता सामान्य (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	

(1)	(2)	(3)
59.	विद्युत् संबंधी विधियां-ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
6.	दूसरा प्रश्नपत्र-दांडिक विधि तथा प्रक्रिया दांडिक मामलों में आदेश/निर्णय का लिखा जाना पुलिस, सामान्य प्रशासन, भू-अभिलेख एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिये.	
7.	दूसरा प्रश्नपत्र-सहकारिता तथा सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
8.	समाज कल्याण (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	
60.	भू-योजना तथा विद्युत् सुरक्षा-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये.	
	मंगलवार, दिनांक 26 जुलाई 2011	
9.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) भाग-ए, आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
10.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये-भाग-बी.	
11.	पहला प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये-भाग-सी.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
12.	उद्योग विभाग संबंधी अधिनियम तथा नियम-उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित).	
13.	प्रश्नपत्र-खनिज प्रबंध (पुस्तकों सहित) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	
14.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-प्रथम प्रश्नपत्र-पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के).	
61.	विद्युत् संस्थापनाएं-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये.	
15.	दूसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
16.	प्रक्रिया, विकास योजनाओं, राज्यों के साधनों, राज्य के नियम पुस्तिकाओं आदि का ज्ञान-उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित).	
17.	तीसरा प्रश्नपत्र-बैंकिंग (बिना पुस्तकों के) सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
18.	समाज शिक्षा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	
19.	लेखा तथा कार्यालयीन प्रक्रिया-द्वितीय प्रश्नपत्र पंजीयन विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित).	

(1)	(2)	(3)
62.	लेखा व स्थापना-ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री, कनिष्ठ यंत्री एवं पर्यवेक्षकों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
	बुधवार, दिनांक 27 जुलाई 2011	
20.	तीसरा प्रश्नपत्र-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया-राजस्व के मामले में आदेश का लिखा जाना सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
21.	पुस्तपालन तथा कर निर्धारण-विक्रयकर विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
22.	प्रश्नपत्र-प्रथम वन विधि (बिना पुस्तकों के) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	
23.	पहला प्रश्नपत्र-प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये.	
24.	पुलिस अधिकारियों की ''व्यवहारिक परीक्षा''.	
63.	स्विच गेयर तथा संरक्षण, ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्रियों के लिये.	
25.	कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया-वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये.	
26.	सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
27.	पुलिस अधिकारियों की ''पुलिस शाखा'' प्रश्नपत्र (बिना पुस्तकों के).	
28.	दूसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	
29.	तीसरा प्रश्नपत्र-सामान्य विधि (पुस्तकों सहित) वन क्षेत्रपालों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
30.	स्थानीय शासन अधिनियम तथा नियम (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	
31.	चौथा प्रश्नपत्र-सहकारी लेखा तथा परीक्षण (बिना पुस्तकों के) भाग-1, लेखा तथा भाग-2 सहकारिता लेखा परीक्षण, सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये.	
32.	समाज शास्त्र (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
64.	विद्युत् रोधन समन्वय तथा परिसंकट ग्रस्त क्षेत्र (इंसूलेशन को-आर्डिनेशन व हजार्ड्स एरिया) ऊर्जा विभाग के सहायक यंत्री (वि./सु.) के लिये.	
	गुरूवार, दिनांक 28 जुलाई 2011	
33.	प्रथम प्रश्नपत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
34.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
35.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	

(1)	(2)	(3)
36.	प्रश्नपत्र न्यायिक शाखा (बिना पुस्तकों के) पुलिस विभाग अधिकारियों के लिये.	
37.	लेखा (पुस्तकों सहित) उत्पाद शुल्क विभाग के अधिकारियों के लिये.	
38.	लेखा (पुस्तकों सहित) आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों के लिये.	
39.	लेखा (पुस्तकों सहित) उद्योग विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
40.	लेखा (पुस्तकों सहित) खनिज साधन विभाग के अधिकारियों के लिये.	
41.	लेखा (पुस्तकों सहित) जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये.	
66.	प्रथम प्रश्न पत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
42.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये.	
43.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
44.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये.	
67	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
	शुक्रवार, दिनांक 29 जुलाई 2011	
45.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये लेखा प्रश्नपत्र भाग-1 (बिना पुस्तकों के) पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 11.00 बजे तक.
46.	प्रथम प्रश्नपत्र-लेखा के भाग-1 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिये (बिना पुस्तकों के).	
47.	प्रश्नपत्र-लेखा (पुस्तकों सहित) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी अधिकारियों के लिये.	
48.	प्रथम प्रश्नपत्र-विधि तथा प्रक्रिया (बिना पुस्तकों के) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
49.	प्रश्नपत्र-द्वितीय मध्यप्रदेश मूलभूत तथ्य और ग्रामीण विकास जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिये. (पुस्तकों सहित).	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक.
50.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) वन क्षेत्रपालों के लिये.	
65.	पंचायत राज्य प्रशासन विधि तथा प्रक्रिया सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख, पंचायत एवं ग्रामीण विकास व अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये.	
68	तृतीय प्रश्नपत्र-महिला एवं बाल कल्याण-महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
51.	सिविल पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये प्रश्नपत्र लेखा भाग-2 (पुस्तकों सहित), पशु चिकित्सा सेवा विभाग के अधिकारियों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक.
52.	प्रश्नपत्र लेखा भाग-2 मत्स्यपालन विभाग के अधिकारियों के लिये.	

(1)	(2)	(3)
53.	सहकारी संस्थाओं के सहायक पंजीयकों के लिये किसी मामलों में आदेश या प्रतिवेदन लिखने की व्यवहारिक परीक्षा (पुस्तकों सहित).	
54.	तृतीय प्रश्नपत्र-प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) सहायक वन संरक्षकों के लिये.	
55.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा (बिना पुस्तकों के) कृषि सेवा कार्यपालन प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिये.	दोपहर : 2.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक.
56.	द्वितीय प्रश्नपत्र-लेखा तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) डेयरी विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
57.	प्रश्नपत्र-तृतीय अनुसूचित जाति तथा आदिम जाति विकास-जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों के लिये (पुस्तकों सहित)	
69.	चतुर्थ प्रश्नपत्र-पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा-महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिये.	
	शनिवार, दिनांक 30 जुलाई 2011	
58.	हिन्दी निबंध तथा हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद सभी विभागों के अधिकारियों के लिये.	प्रात: 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक.

नोट:—(1) सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, राज्य के अधीनस्थ सिविल सेवाओं के सदस्यों, भू-अभिलेख कर्मचारियों तथा कलेक्टरों और संभागीय आयुक्तों के कार्यालय के अधीक्षकों को सूचित किया जावे कि परीक्षा गृह विभाग द्वारा नये संशोधन नियमों के अन्तर्गत प्रसारित अधिसूचना क्रमांक एफ-3-54-98-दो-ए(3), दिनांक 19 मार्च 1999 एवं एफ-3-102-90-दो-ए(3), दिनांक 8 मई 1991 के पाठ्यक्रम के अनुसार होगी. नये नियमों के अन्तर्गत पंचायत राज प्रशासन विधि तथा प्रक्रिया से संबंधित प्रश्नपत्र भी अनिवार्य रूप से रखा गया है.

(2) उम्मीदवारों को सूचित किया जावे कि जिन प्रश्नपत्रों में पुस्तकों की सहायता ली जाना है, उन्हें विभागीय परीक्षा के लिये कलेक्टर कार्यालय से पुस्तकें नहीं दी जावेंगी, उन्हें अपनी स्वयं की पुस्तकें ले जाना होंगी.

(3) सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जो परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक हों, अपने नाम उचित मार्ग द्वारा सीधे अपने विभागाध्यक्षों को भेजना चाहिए. परीक्षार्थी राजपत्रित/अराजपत्रित हैं, का स्पष्ट उल्लेख आवेदन-पत्र में भरें.

